प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 08.07.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर ले जाने व बलात्कार करने का आरोपी गिरफ्तार थाना मूढ़ापाण्डेः-

अवगत कराना है कि दिनांक 21.06.2024 को वादी निवासी थाना मूढापाण्डें क्षेत्रान्तर्गत ने आरोपी द्वारा वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मूढापाण्डें पर मु0अ0सं0-297/24 धारा- 363/366 भा0द0वि0 बनाम सचिन पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 08.07.2024 को उ0नि0 लाल सिंह थाना मूढ़ापाण्डें जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी सचिन पुत्र उदयवीर निवासी ग्राम कूप थाना मिलक जनपद रामपुर को गिरफ्तार किया गया । तथा विवेचना/साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 376 भा.द.वि. व 3/ 4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2. ऑनलाइन तरीके से ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार थाना भगतपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 04.07.2024 को जीशान पुत्र अशफाक निवासी ग्राम सीतापुर बहेडी थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद ने आरोपीगण द्वारा वादी को हर महीने 5000 रूपये देने के झांसा देकर वादी का उज्जवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में एकाउंट खुलवाकर व वादी के एकाउंट, मोबाइल नं0 व एकाउंट के एटीएम कार्ड नं0,चैक बुक का दुरूपयोग कर धोखाधडी करने के संबंध में थाना भगतपुर पर दी, तहरीर के आधार पर थाना भगतपुर पर मु0अ0सं0-178/24 धारा- 420 भा0द0वि0 बनाम 1.दानिश अली,2.अफजाल पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग में अभियुक्तगण दानिश अली व अफजाल को दिनांक 04.07.2024 को गिरफ्तार गया। अभियुक्तगण से पूछताछ व अन्य साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त राशिद पुत्र तस्लीम निवासी मौहल्ला साबिक मझरा रोड थाना काशीपुर जनपद उधमसिंहनगर (उ0खण्ड) का नाम प्रकाश में आया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 08.07.2024 को निरीक्षक अपराध अश्वनी कुमार थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय पुलिस बल के आरोपी राशिद पुत्र तस्लीम निवासी मौहल्ला साबिक मझरा रोड थाना काशीपुर जनपद उधमसिंहनगर (उ0खण्ड) को गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्त के कब्जे से एक मोबाईल टेक्नो कम्पनी, 1270 रू0/, 03 पास बुक, 05 एटीएम कार्ड बरामद किये गये। साक्ष्यो के आधार पर उक्त अभियोग में धारा- 467/34 भादवि व 66डी आईटी एक्ट की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3. घर मे घुसकर दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार थाना कटघरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 18.06.2024 को वादिनी निवासनी थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत की तहरीरी सूचना आरोपी द्वारा वादिनी के घर मे घुसकर वादिनी के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में उच्चाधिकारीगण द्वारा आदेशित प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-305/2024 धारा-452/376/506 भादवि0 बनाम फैजी पंजीकृत किया गया ।विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 08.07.2024 को उ0नि0 सतेन्द्र सिंह उज्जवल थाना कटघर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय पुलिस बल के आरोपी फैजी पुत्र मौहम्मद उवैस निवासी बडी विहार कला निकट पीसी आजाद इंटर कालेज इज्जतनगर थाना इज्जतनगर जनपद बरेली को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

4. थाना कटघर पुलिस ने शान्ति भंग कर रहे 01 आरोपी को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 08.07.2024 को उ0नि0 देवेन्द्र सिंह थाना कटघर द्वारा मय पुलिस बल के शान्ति भंग कर रहे आरोपी आकिल पुत्र दुल्हा खां निवासी मियां कालोनी थाना थाना मंझोला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय भेजा गया।